कार्यालय पुलिस नियंत्रण कक्ष
आयुक्तालय जोधपुर
Phone No.0291-2650778-779/100/112
9530440800

jodhpurpolice | @cp_jodhpur | CP Jodhpur

प्रेस नोट

(दिनांक 05.02.2026)

- जोधपुर पुलिस का नवाचार : रूट मार्च एवं बाइक बीट गश्त
- आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय का संदेश
- बाइक बीट गश्त से युवाओं से संवाद: नशा मुक्त जीवन शैली हेतु प्रेरित
- बाइक गश्त नवाचार से पुलिस थाना बीट क्षेत्र में स्थानीय लोगों से सीधा संवाद स्थापित हुआ।
- जोधपुर पुलिस के इस नवाचार से आमजन तक पुलिस की पहुंच और अधिक सशक्त हुई है।
- स्थानीय नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है, जिससे वे अपराधी गतिविधियों की जानकारी भी साझा करने लगे हैं।
- कालिका पेट्रोलिंग टीम द्वारा महिला सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर बीट गश्त के दौरान स्थानीय महिलाओं से किया संवाद।
- डॉग स्क्वाड टीम द्वारा संवेदनशील भीड़भाड़ क्षेत्रों में चलाया सर्च ऑपरेशन।

सायंकालीन रूट मार्च का आयोजन-

श्रीमान ओम प्रकाश पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार, अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु दिनांक 05.02.2026 को जोधपुर पुलिस द्वारा सायंकालीन रूट मार्च का आयोजन किया गया।

नेतृत्व एवं सुपरविजन-

रूट मार्च श्री विनीत कुमार बंसल पुलिस उपायुक्त जिला पश्चिम, श्री रोशन मीणा आईपीएस अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जिला पश्चिम तथा श्री सुनील के. पंवार अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के सुपरविजन तथा श्री रविंद्र कुमार बोथरा सहायक पुलिस आयुक्त वृत प्रताप नगर के निकट सुपरविजन व चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थानाधिकारी श्री ईश्वर चंद्र पारीक पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस थाना चौपासनी हाउसिंग बोर्ड से शुरू होकर पुनः पुलिस थाना चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पहुंच संपन्न हुआ।

रूट मार्च का मार्ग-

रूट मार्च पुलिस थाना चौपासनी हाउसिंग बोर्ड से प्रारंभ होकर निम्न मार्गों से होते हुए पुनः पुलिस थाना चौपासनी हाउसिंग बोर्ड तक संपन्न हुआ:-

पुलिस थाना चौपासनी हाउसिंग बोर्ड से अशोक उद्यान 21 सेक्टर, 11 सेक्टर आवासन मंडल, मारवाड़ अपार्टमेंट, 16 सेक्टर अस्पताल, दशहरा मैदान, चांदविलास नमकीन, संजय अखिल चौराहा, अनंतराम स्कूल चौराहा, पीएफ ऑफिस के सामने से डालीबाई सर्कल, डीपीएस चौराहा, पाल बालाजी मंदिर से नहर चौराहा, एम्स रोड रिद्धि सिद्धि कंपलेक्स, मरुधर केसरी नगर से गंदा नाला के पास होते हुए नहर चौराहा से पुनः पुलिस थाना चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पहुंच संपन्न।

रूट मार्च में सम्मिलित बल-

रूट मार्च में निम्न पुलिस इकाइयाँ सम्मिलित रहीं—

- पुलिस थाना चौपासनी हाउसिंग बोर्ड -मोबाइल एवं चेतक वाहन

-ART, कालिका पेट्रोलिंग यूनिट (ईस्ट एवं वेस्ट)-

-QRT, डॉग स्क्वॉड, इंटरसेप्टर वाहन

-घुड़सवार दस्ता, ड्रोन यूनिट

-पुलिस कंट्रोल रूम, रिजर्व पुलिस लाइन का जाब्ता

रूट मार्च के दौरान ड्रोन टीम द्वारा ड्रोन से भी संवेदनशील एवं भीड़ भाड़ क्षेत्रों को सर्विलेंस किया गया।

इस रूट मार्च के माध्यम से आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय तथा सामाजिक सौहार्द, भाईचारा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने का सशक्त संदेश दिया गया।

जोधपुर पुलिस का नवाचार : बाइक द्वारा बीट गश्त-

पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार, प्रत्येक थाना क्षेत्र में दो-दो बाइक पर दो-दो जवानों द्वारा बीट गश्त की गई।

इस दौरान बीट क्षेत्र में निवासरत महत्वपूर्ण व्यक्तियों, बुजुर्गों एवं अकेले रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क कर विश्वास कायम किया गया तथा बीट प्रणाली को सुदृढ़ बनाया गया।

बीट कांस्टेबल व लिंक कांस्टेबल ने अपने-अपने क्षेत्र में आमजन से शिकायत सुनी तथा समाधान भी किया साथ ही आमजन से आग्रह किया कि गैरकानूनी, अनैतिक ,अवैध शराब /हथियार/ मादक पर्दाथ बिक्री व संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि आदि की जानकारी होने पर तुरंत पुलिस का सूचित करें। आपका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

बाइक बीट गश्त के दौरान कालिका पेट्रोलिंग यूनिट टीम द्वारा महिला जागरूकता एवं आत्मरक्षा से संबंधित स्थानीय महिलाओं से संवाद किया तथा राजकोप सिटिजन ऐप डाउनलोड करवाने के साथ नीड हेल्प एवं 1090 महिला गरिमा हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई।

बाइक गश्त के दौरान बीट क्षेत्र में युवाओं को नशे की दुष्ट प्रवृत्ति, उसके शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर युवाओं को खेल, शिक्षा एवं सकारात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही गैर कानूनी व आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने हेतु सचेत किया।

आमजन से अपील-

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की गैरकानूनी, अनैतिक गतिविधि,अवैध शराब, हथियार, मादक पदार्थों की बिक्री अथवा संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी हो, तो तुरंत:नजदीकी पुलिस थाना पुलिस नियंत्रण कक्ष 100 /112 व्हाट्सएप नंबर 9530440800 पर सूचित करें।

प्रभारी

पुलिस नियंत्रण कक्ष

आयुक्तालय जोधपुर

बाइक बीट गश्त-